तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मु.न.75/2022 अनवान झमकू व अन्य बनाम भगवानाराम इत्यादि	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.02.2023	पत्रावली वकील रेस्पोडेंट द्वारा दिनांक 09.02.2023 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत अपील पत्रावली को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखकर अंतिम निस्तारण करने पर आज राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायालय हाजा में पेश हुई। वकील अपीलांट एवं रेस्पोडेंट्स अधिवक्ता उपस्थित। वकील रेस्पोडेंट ने निवेदन किया कि उक्त अनवान की अपील में अपीलांट व रेस्पोडेंट के मध्य राजीनामा लिखित में हो गया है तथा अपीलांट व रेस्पोडेंट के मध्य वादग्रस्त भूमि के संबंध में कोई विवाद शेष नहीं है। अतः अपील को राजीनामा अनुसार लोक अदालत की भावना से जरिये विड्रो खारिज फरमाया जावे। वकील अपीलांट ने रेस्पोडेंट अधिवक्ता के कथनों का समर्थन करते हुए निवेदन किया कि हस्तगत मामले में उभय पक्ष में लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो चुका है। अतः अपील अपीलांट जरिये विड्रो खारिज फरमायी जावे। उभय पक्ष के अधिवक्तागण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। उभय पक्ष के अधिवक्ता गण का निवेदन है कि हस्तगत मामले में उभय पक्ष में राजीनामा हो चुका है तथा वर्तमान में वादग्रस्त भूमि के संबंध में कोई विवाद नहीं है। उभय पक्ष के कथनों की पुष्टि वकील रेस्पोडेंट द्वारा राजीनामा दिनांक 19.10.2022 की प्रमाणित प्रति की फोटोप्रति से होती है। लिहाजा लोक अदालत की भावना से उभय पक्ष की सहमति के मद्देनजर अपील अपीलांट जरिये विड्रो खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मय आदेश प्रति भिजवायी जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर	11/2/23